भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2475

मंगलवार, 06 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

नमक उत्पादन व्यवसाय

2475. श्री चंदूभाई छगनभाई शिहोराः

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सुरेन्द्रनगर जिले और मोरबी जिले के रण के विस्तार-क्षेत्र में, जहां बड़े पैमाने पर नमक उत्पादन किया जाता है, इस व्यवसाय में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना कर रहे अगरिया समुदाय के परिवारों के लिए रोजगार और आजीविका सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा कोई उपाय किए जा रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जितिन प्रसाद)

(क) और (ख): उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के अधीन नमक आयुक्त संगठन (एससीओ) के पास सुरेन्द्रनगर और मोरबी, दोनों जिलों में से किसी में भी नमक उत्पादन योग्य भूमि नहीं हैं। एससीओ के पास सुरेन्द्रनगर जिले में कार्यालय भवन के प्रयोजन के लिए 4.56 एकड़ की थोड़ी-सी गैर-नमक उत्पादन भूमि है। इसके अलावा, अगरिया समुदाय के परिवारों के लिए रोजगार और आजीविका एससीओ के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है। तथापि, कल्याणकारी उपायों के रूप में, एससीओ अगरिया और उनके परिवारों के लाभ के लिए सामान्य स्वास्थ्य-सह-नेत्र शिविर आयोजित करता है और अगरिया समुदाय के बच्चों के लिए किताबों और स्टेशनरी के खर्च को पूरा करने के लिए सहायता प्रदान करता है।

*****